फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक कैम्प / मीरजापुर / 02 दिनांक 09.05.2026

विषयः— <u>दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 09.05.2026 को ''मीरजापुर में हर घर नल योजना पर फूटा गुस्साः ग्रामीण बोले—तीन साल से पेयजल संकट, गंगा कटान रोकने की मांग'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 09.05.2026 को ''मीरजापुर में हर घर नल योजना पर फूटा गुस्साः ग्रामीण बोले—तीन साल से पेयजल संकट, गंगा कटान रोकने की मांग'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड छानबे में मे0 रैमकी बाबा (जे0वी0) द्वारा निर्मित दांती ग्राम समूह पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है। समाचार में वर्णित ग्राम गौरा क्षेत्र स्थित नीबी गहरवार में 418 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 386 नग हाउस कनेक्शन में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है, ग्रांम के अन्तिम छोर पर स्थित 32 नग हाउस कनेक्शन जलापूर्ति से वंचित है। उपरोक्त वर्णित ग्राम में जलापूर्ति से वंचित हाउस कनेक्शनों का मुख्य कारण ग्राम के प्रारम्भिक घरों द्वारा अत्यधिक मात्रा में पेयजल का दोहन किया जाना, नल टोटियों को खुला छोड़ देना एवं पेयजल का सिंचाई इत्यादि कार्यो में प्रयोग किया जाना है, जिसके कारण प्रेशर ड्रॉप हो जाने से ग्राम के अन्तिम बिन्दु तक जलापूर्ति नहीं पहुँच पा रही है। उक्त समस्या के समाधान हेतु ग्रामवासियों से सम्पर्क कर जागरूक किया जा रहा है।





भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता